गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

नैनीताल निवासी व पंतनगर विवि की छात्रा मीनल सिंह वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में दोहरे डॉक्टरेट कार्यक्रम के चयनित

पंतनगर विश्वविद्यालय में मृदा विज्ञान पीएचडी की छात्रा है मीनल, सरोवर नगरी नैनीताल निवासी व जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीबीपीयूएटी) पंतनगर के मृदा विज्ञान पीएचडी की छात्रा मीनल सिंह को वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय (डब्ल्यूएसयू) ऑस्ट्रेलिया के साथ दोहरे डॉक्टरेट कार्यक्रम के लिए चुना गया है। मीनल पंतनगर विवि की पहली छात्रा हैं, जिनका चयन डुअल डिग्री प्रोग्राम(डीडीपी) के लिए हुआ है।

मीनल की माता श्रीमती चंपा सोरागी गृहिणी हैं तथा पिता स्व. हुकुम सिंह विकास भवन भीमताल नैनीताल में आर्थिक एवं सांख्यिकी अधिकारी थे। वह अपनी उपलब्धि का श्रेय भाई आशुतोष सिंह के साथ ही गुरुजनों को देती हैं |

डीडीपी जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीबीपीयूएटी) और वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय (डब्ल्यूएसयू) के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत एक संयुक्त डिग्री कार्यक्रम है। जिसके तहत मीनल को दो डॉक्टरेट डिग्री पुरस्कृत की जाएगी। जिसमें एक घरेलू संस्थान यानी जीबीपीयूएटी और दूसरी मेजबान संस्थान डब्ल्यूएसयू द्वारा पुरस्कृत की जाएगी। मीनल पंतनगर विश्वविद्यालय की पहली छात्रा हैं, जिनका चयन डीडीपी के लिए हुआ है। वह पंद्रह माह तक वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में रहेंगी। इस दौरान उन्हें सिडनी यूनिवर्सिटी की और से प्रति वर्ष छात्रवृत्ति के तहत ($32,192) बत्तीस हजार एक सौ बयानव्वे ऑस्ट्रेलियाई डॉलर एवं अनुसंधान संबंधी कार्य के लिए साढ़े छः हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर ($6500) छात्रवृत्ति मिलेंगे। मीनल ने कुमाऊं यूनिवर्सिटी नैनीताल से बीएससी भूविज्ञान की डिग्री प्राप्त की है। इसके पश्चात पंतनगर विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग से एमएससी की डिग्री प्राप्त की है। वहीं वर्ष 2023 में डीईएफआईएए (DEFIAA) कार्यक्रम के अंतर्गत फ्रांस, यूरोप का भी दौरा किया है। वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय के साथ दोहरे डॉक्टरेट कार्यक्रम के लिए मीनल सिंह का चयन न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक क्षमता और अंतर्राष्ट्रीय मान्यता का भी प्रमाण है।

मीनल की इस उपलब्धि के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय कुलपति डॉ0 मनमोहन सिंह चौहान, अंतरराष्ट्रीय मामलों के निदेशक, डॉ. शिव प्रसाद, डीन पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज, डॉ. केपी रावेरकर, डीन कृषि महाविद्यालय डॉ. एसके कश्यप, प्रोफेसर मृदा विज्ञान डॉ. एपी सिंह एवं वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ने बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान से दोहरी डिग्री का चयन प्रमाण–पत्र प्राप्त करती सुश्री मीनल सिंह।

मीनल सिंह